दूध की प्रति व्यक्ति खपत

734. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दूध की प्रति व्यक्ति खपत का वर्षवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दूध की खपत में वृद्धि किये जाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) दूध की प्रति व्यक्ति खपत के बारे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं । तथापि, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन, सांख्यिकी विभाग उपभोक्ताओं द्वारा घरेलू व्यय के बारे में नियमित रूप से राष्ट्र-व्यापी सर्वेक्षण करता है। इस सर्वेक्षण में घरेलू मदों के विभिन्न समूहों, जिनमें दूध और दूध उत्पाद से संबंधित व्यय भी शामिल है, की खपत का मूल्य मुहैया किया जाता है । 1986-87 से 1988-89 (नवीनतम उपलब्ध) के दौरान आयोजित किए गए सर्वेक्षणों के राज्यवार परिणामों, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों दोनों के लिए पृथक-पृथक, को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) जिसमें 30 दिवसीय अवधि के लिए दूध और दूध के उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत का मूल्य दिया गया है।

(ख) और (ग) चूंकि दूध की खपत इसके उत्पादन से जुड़ा होती है इसलिए इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं । इस संबंध में निम्न नीति अपनायी गयी है :—

(1) राष्ट्रीय महत्व के पशु नस्लों का उनके वास क्षेत्रों में चयनित प्रजनन करके आनुवंशिक सुधार और अन्य चुनिंदा क्षेत्रों में उनकी श्रेणी में सुधार करना ;

(2) अज्ञात नस्ल के पशु का विदेशी डेरी नस्लों के साथ संकर-प्रजनन करना ;

(3) भैंसों की महत्वपूर्ण नस्लों का प्रजनन करके आनुवंशिक सुधार और अन्य क्षेत्रों में अज्ञात नस्ल की भैंसों की श्रेणी में सुधार करना ताकि दूध के उत्पादन में वृद्धि की जा सके ;

(4) आहार और चारा संसाधनों का विकास ;

(5) प्रभावकारी पशु स्वास्थ्य सेवाएं आयोजित करना ताकि उत्पादन कार्यक्रम को समर्थन मिल सके ;

(6) आपरेशन फ्लड कार्यक्रम ।

विवरण

30 दिवसीय अवधि में दूध और दूध उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत का मूल्य (0.00 रुपये) प्रदर्शित करने वाला विवरण

राज्य	1986-87		1987-88		1988-89	
	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी
1	2	3	4	5	6	
1. आन्ध्र प्रदेश .	8.61	15.36	7.93	15.02	8.87	16.88
2. असम .	8.56	17.66	6.74	15.81	7.49	18.17
3. अरुणाचल प्रदेश	क	क	7.99	21.17	ख	ख
4. बिहार .	7.47	19.43	8.05	14.99	8.65	18.38

1	2	3	4	5	6	7
5. गुजरात	23.10	32.18	22.41	32.59	24.40	36.41
6. गोवा, दमन और दीव	10.10	21.12	6.90	25.41	घ	घ
7. हरियाणा	49.57	39.62	52.91	47.12	60.72	54.45
8. हिमाचल प्रदेश	30.40	37.68	28.94	41.25	ग	ग
9. जम्मू और कश्मीर	19.29	28.44	19.71	34.51	ग	ग
10. कर्नाटक	9.80	16.72	10.04	17.34	9.64	20.17
11. केरल	9.57	14.04	9.76	16.27	11.20	18.68
12. मध्य प्रदेश	10.12	21.32	11.53	25.41	10.27	22.73
13. महाराष्ट्र	10.74	24.95	9.77	25.81	10.79	30.00
14. मणिपुर	2.72	3.86	2.42	3.86	ख	ख
15. मेघालय	2.92	19.70	4.89	18.92	ख	ख
16. मिजोरम	6.97	15.38	11.03	20.29	ख	ख
17. नागालैंड	क	16.98	क	23.86	ख	ख
18. उड़ीसा	2.69	21.76	2.90	12.97	3.71	14.29
19. पंजाब	45.80	42.89	44.87	42.35	49.68	49.08
20. राजस्थान	32.18	38.67	31.44	36.29	41.50	44.59
21. सिक्किम	21.17	22.57	21.40	26.58	ख	ख
22. तमिलनाडु	6.14	15.20	5.82	15.26	6.41	15.20
23. त्रिपुरा	8.29	25.98	9.06	14.19	ख	ख
24. उत्तर प्रदेश	16.16	23.20	16.54	25.42	19.51	27.31
25. पश्चिम बंगाल	6.00	16.95	6.00	16.23	6.38	18.72

स्रोत:-राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन, सांख्यिकी विभाग, योजना मंत्रालय।

(क) कवर नहीं किया गया।

(ख) उत्तर-पूर्वी राज्यों के समूह के लिए सामूहिक औसत व्यय ग्रामीण 7.23 शहरी 13.80

(ग) उत्तर पश्चिमी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के समूह के लिए सामूहिक औसत व्यय

ग्रामीण 32.85 शहरी 49.72

(घ) दक्षिणी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के समूह के लिए सामूहिक औसत व्यय

ग्रामीण 11.39 शहरी 13.97

Facelift to saloon used by Rabindra Nath Tagore

785. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) whether Government propose to give facelift to Saloon used by Rabindra Nath Tagore during his journey from Howrah to Bolpur in 1941;

(b) if so, the details thereof;

(c) what amount would be involved in this move;

(d) whether the Saloon would have some special characteristics;

(e) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor; and

(f) under what circumstances the facelift is being given?